# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जुलाई 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# भिलाई निगम क्षेत्र में वन महोत्सव का आयोजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं अध्यात्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक चेम्बर आॅफ कार्मस के सदस्यो के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रो में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संजय नगर तालाब, नेहरू नगर समता उद्यान के समीप, कोहका भेलवा तालाब, स्मृति नगर नहर किनारे, शांति नगर, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व व पश्चिम के उद्यानों, कुरूद ढाॅचा भवन तालाब के किनारे, कुरूद शीतला तालाब एवं शहर के अन्य विभिन्न स्थलों पर वृक्षोरापण किया जा रहा है। बीएसपी क्षेत्र में खुर्सीपार बी.एस.पी. कन्या शाला, सेक्टर 1 अम्बेडकर उद्यान, सेक्टर 4, सेक्टर 10 सड़क 33 आदि क्षेत्रो में भी पेड़ लगाए जा रहे है। इस अभियान में विभिन्न शासकीय संस्थाओ, स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, कालोनियों, अस्पताल परिसर, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, गौठानो, तालाबों, रोड़ किनारे, उद्यानों, नहर किनारे एवं व्यवसायिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि देशी वृक्ष मुख्य रूप से नीम, करंज, अमलताश, पुत्रजीवा, गुलमोहर, पेल्ट्राफार्म, बादाम, कचनार, जामुन, मौलश्री जैसे महत्वूपर्ण पौधे ही रोपित किये जा रहे है। ये पौधे भौगोलिक वातावरण के रूप से हमारे शहर, प्रदेश एवं मानव जीवन के अनुकुल हैं। वैशाली नगर विघायक रिकेश सेन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर क्षेत्र को हरा भरा रखने एवं जल संरक्षण हेतु पुराने कुंओ को पुनः जीवित करने एवं नये कुओ का निर्माण करने पर विशेष बल दिया है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# फाइट द बाईट अंतर्गत जुड़े स्कूल के शिक्षक व बच्चे हम भी अपने घर में ड्राई डे मनाएंगे।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत बुधवार को जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में तिरंगा चैंक स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्ड्री स्कूल में जागरूकता चलाया गया। प्रथम एवं द्वितीय पाली में अध्ययनरत विधार्थियों 350 एवं शिक्षकों को जिला स्वास्थ्य विभाग एवं निगम की संयुक्त टीम द्वारा जल जनित मौसमी बीमारियों के बारे में बताया गया। किस प्रकार छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने से डायरिया, उल्टी-दस्त, टाईफाइड, पीलिया आज से बच सकते हैं। हमें ध्यान देना होगा पानी उबालकर/ठंडा कर सेव करें, बाहर से जब भी आएं धर में साबुन से हाथ धोवें' एवं बासी खादय पदार्थ के सेवन से बचने की सलाह दी गई है। फाइट द बाइट मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घर के आस-पास समुचित साफ-सफाई, बरसाती पानी का जमाव न होने दें साथ ही घर के कूलर, पानी की टंकी, पुराने टायर इत्यादि को समय समय पर साफ करते रहे की जानकारी दी गई। नालियों में मोबिल आईल का छिड़काव करने की सलाह दी गई। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से आवाहन किया है कि चलो मिलकर के रविवार को ड्राई डे मनाएं, सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक हम सब लोग अपने घरों में अपने अड़ोस पड़ोस साफ सफाई करें। एक दूसरे को करें। इस अभियान में शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला से सेक्टर सुपरवाइजर एस.के.दिल्लीवार, मनोज साहू, एएनएम कविता कौशिक एवं जिला मलेरिया विभाग से सर्वेलेंस निरीक्षक मोहन राव, आरएचओ राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर सहित निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह एवं उनकी दल के स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश डहारे उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री मोर-मकान मोर-आस योजना के आबंटित हितग्राहियो को मकान की चाबी सौंप कर कब्जा प्रदान किया गया

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को नियमानुसार पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर-मकान मोर-आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लाॅटरी निकाली गई थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया गया । मकान पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो जाने के पश्चात आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया गया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा गया। वरिष्ठ महिला रूखमणी देवांगन अपना सपनो का मकान क्रं. 1/4 भूतल में प्रवेश करते हुए कहा कि मेरी वर्षो की इच्छा पुरी हुई। बरसात के मौसम में मुझे परिवार सहित रहने के लिए नीचे का घर मिला, मेरे परिवार को भी छत मिल गया। अब मैं कह सकती हूॅ मेरे धर में रसोई, शौचालय, नहानी खोली एवं रहने का कमरा भी है। मै और मेरे बच्चे बहुत खुश है। मकान मिलते ही हितग्राही अपना सामान लेकर सिफ्ट होने लगे। दिव्यांग धनंजय को भूतल का मकान प्राप्त करते हुए खुसी व्यक्त की मैं नीचे का मकान चाहता था और नीचे का ही मकान मिल गया। उन्होने निगम प्रशासन को धन्यवाद दिया। कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक नोडल अधिकारी बी.के.वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, सूडा से अभियंता उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह उपस्थित रहें।



# प्रधानमंत्री मोर-मकान मोर-आस योजना के आबंटित हितग्राहियो को मकान की चाबी  सौंप कर कब्जा प्रदान किया गया

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को नियमानुसार पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर-मकान मोर-आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लाॅटरी निकाली गई थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया गया । मकान पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो जाने के पश्चात आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया गया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा गया



# आवारा घुम रहे मवेशियो के घड़पकड़ की कार्यवाही लगातार जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़क पर आवारा घुम रहे मवेशियों को पकड़ने का अभियान जारी है। सड़को एवं गली मोहल्लो में मवेशियो के बैठे रहने से होने वाले वाहन दुर्घटना को देखते हुए निगम द्वारा घड़पकड़ की जा रही है। मवेशियो के मालिको द्वारा अपने मवेशियो को खुला छोंड़ देते है। जिससे मवेशी गली, मोहल्लो, सड़को पर कहीं भी जाकर बैठ जाते है या खड़े रहते है। आम नागरिक वाहन से सफर करते है, जिससे मवेशी उनके सामने आ जाते है और टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। आम नागरिक वाहन चलाते समय हार्न बजाने के बाद भी मवेशी उनके सामने से हटते नहीं है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान लगातार निगम भिलाई के सभी जोनों में जारी है। गुरूवार को टीम द्वारा मवेशियो को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 14 गाय एवं 8 सांड को पकड़ा गया। पकड़े गये गाय को कोसानाला शहरी गौठान एवं सांड को डी मार्ट के पास बने गौठान में ले जाकर छोड़ा गया। अकसर देखने में आता है बारिश के मौसम में जानवरो को मक्खी काटती है। इससे बचने के लिए जानवर रोड़ में आकर बैठ जाते है। मवेशिको के मालिको को पहले भी निगम द्वारा कई बार समझाईस दी गई है साथ ही उनके उपर अर्थदण्ड भी लगाया गया है। फिर भी मवेशियो को खुला छोड़ देते है। निगम आयुक्त ने मवेशियो के मालिको से अपील की है कि अपने मवेशियो को खुला न छोड़े घर पर बांध कर रखें। जिससे सड़को पर मवेशियो से होने वाले वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। कार्यवाही के दौरान जाने के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, सुपरवाईजर अंजनी सिंह, मदन तिवारी, अरूण सिंह, कन्हैया यादव, आदि उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रभात फेरी के माध्यम से चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय/चतुर्थ चरण के स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नागरिकों को जागरूक किये जाने यूवोदय की छात्राओं एवं महिला समूह की स्वच्छता दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम भिलाई द्वारा 22 जुलाई से 31 अगस्त तक वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें वार्डो में रैली, नुक्कड-नाटक, स्त्रोत पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग हेतु जाकर जानकारी दी जायेगी। स्वच्छता में उत्कृष्ठ काम करने वाले नागरिको को प्रोत्साहन बेस्ट आॅफ वेस्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीरो वेस्ट कार्यक्रम को बढ़ावा देने, मलबों से उपयोगी चीजें बनाये जाने आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किये जायेगें। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के स्वच्छता विशेषज्ञो द्वारा डोर-टू-डोर स्वच्छता संग्रहण व एसएलआरएम केन्द्रो में संलग्न महिलाओं/ स्वच्छता दीदीयों तथा यूवोदय की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले चार अलग-अलग प्रकार के कचरे, सुखा, गीला, सेनेटरी वेस्ट तथा हेजार्डियस कचरो के निपटान, गीले कचरे से होम कम्पोटिंग तैयार करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु नागरिको को जागरूक करने अभियान चलाने निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में रिडयूस, रीयूज, रीसायकल केन्द्र के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे वे नागरिकों के माध्यम से पुराने कपड़े, जूते, किताबें और इस्तेमाल किये जा चुके प्लास्टिक वेस्ट का पुनः उपयोग या पुनर्नवीनीकरण कराने दिशा में योगदान दे सकें। इसी प्रकार वार्डो में स्थापित बर्तन बैंक का उपयोग कर सामाजिक कार्यक्रमों में जीरों वेस्ट के माध्यम से कार्यक्रम करने जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत को निदान 1100 के टोल फ्री नम्बर 1100 में काॅल कर शिकायत दर्ज किये जाने, नागरिको को जागरूक करने कहा गया। व्यवसायिक क्षेत्रों में होटलों व रेस्टोरेंट से निकलने वाले गीले कचरे को आॅन साईट कम्पोस्टिंग करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने समझाइस देने व जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी दिप्ती साहू, सूडा से प्रीति राजपूत, मिशन मैनेजर अमन पटले व स्वच्छता विभाग के पीआईयू उपस्थित थे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# लगातार बारिश से जल भराव की स्थिति नहीं है निगम भिलाई क्षेत्र में।

भिलाईनगर। मानसूनी बारिश की शुरूआत होने से लगातार वर्षा हो रही है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई के सभी जोन के आयुक्त एवं आपदा प्रबंधन बाढ़ नियंत्रण का दल सचेत है। निगम के सभी जोन में अधिकारी कर्मचारी निचली बस्तियों में जाकर निरीक्षण कर रहे है, कहीं भी जल भराव नहीं है। निगम के कर्मचारी नालो में जल कुम्भी, खरपतवार, पुराने पेड़ आदि के फसने की संभावना बनी रहती है उन जगहो को साफ कर रहे है। जिससे बर्षा का जल लगातार नाली एवं नालो के माध्यम से आगे निकल जाये, किसी प्रकार का जल भराव न हो।

बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में हेल्प लाईन काउंटर 24 घंटा काम कर रहा है। संभावना को देखते हुए जे.सी.बी. और डिजल से चलने वाला मोटर पम्प की व्यवस्था सभी जोन में की गई है। आवश्यकता पड़ने पर पानी की निकासी तात्कालिक रूप से की जा सके। तोड़फोड़ दस्ता के साथ जोन का दल भी भ्रमण कर रहा है। निगम आयुक्त ने नागरिको से अपील की है कि कहीं भी जल भराव जैसी समस्या आने पर निगम के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते है।

मौसमी जल जनित बिमारी जैसे- डायरिया या फूड पाउजनिंग से बचाव हेतु पानी उबाल कर पीये, उल्टी दस्त तीन बार से ज्यादा होने पर डॉक्टरो से परामर्श ले। घर में साफ पानी में नमक, चीनी का घोल ओआरएस बनाकर पीते रहे। जिससे शरिर में पानी की कमी न हो। शरिर में पानी की कमी होने से सुस्ति आने लगती है। तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें, डायरिया के लक्षण हो सकते है। सतर्क रहेना ही सबसे बड़ा बचाव है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# लोन मेला प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो के लिए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियो के लिए 30 जुलाई को लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारो को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करके लाॅटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आबंटित कराया गया है। आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य है। ततपश्चात मकान का अधिपत्य पत्र उन्ह सौंपा जाता है। बहुत से हितग्राही शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नही कर पा रहे है। ऐसे हितग्राहियो के लिए लोन मैला लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से आबंटित आवास का कुल राशि जमा करके मकान प्राप्त कर सकेगें। आवास लोन मेला अंबेडकर सामुदायिक भवन बैंकुण्ठधाम भिलाई में आयोजित होगा। बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर आवास लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राही उसका लाभ ले सकते है। बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज- आबंटन पत्र की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, शपथ पत्र, 6 माह का बैंक स्टेटमेंट, वेतन प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साईज फोटो, किरायानामा, जमा की गई राशि के रसीद की छायाप्रति। आबंटिती अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त कर आबंटिती आवास प्राप्त कर सकते है। प्रमुख बैंक में जिनके माध्यम से लोन प्रदान किया जायेगा। आई.आई.एफ.एल., आवास फाईनेंश भिलाई, आवास फाईनेंश दुर्ग, स्वतंत्र माईक्रो फाईनेश, इजी होम फाईनेंश, पिरामल फाईनेंश, वास्तू हाउसिंग फाईनेंश आदि बैंक संयुक्त रूप से अपने ब्याज दर के विवरणी के साथ उपस्थित रहेगें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी आबंटितो से अपील की है कि अपनी सुविधा के अनुसार बैंक से लोन प्राप्त करके शेष राशि जमा कर मोर मकान-मोर आस योजना अंतर्गत आबंटित मकान प्राप्त करने का अच्छा अवसर है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# जनसमस्या पखवाड़ा शिविर में नागरिक आवास योजना के फार्म ले सकते है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का तत्काल निराकरण करा सकते है। शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निगम के विभिन्न परियोजना स्थल पर निर्मित आवासो के आबंटन हेतु शासन के निर्धारित आवेदन पत्र का विक्रय किया जा रहा है। नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नए राशन कार्ड  वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वनिधि में लोन की सुविधा, पानी, बिजली, नाली समस्या, जल निकासी, लाईट नहीं जलना, आदि सभी प्रकार के आवेदन भर सकते है।  अपनी समस्याओ का निराकरण भी करा सकते है। नागरिक इन सभी आवश्यकताओ को लेकर नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में आना पड़ता है। शिविर के माध्यम से अपने वार्ड में ही अपनी समस्याओ का समाधान करवा सकते है। भिलाई में निवासरत ऐसे परिवार जो किराये में निवास करते है या जिनके पास स्वयं का मकान उपलब्ध नहीं है। उनके लिए शिविर स्थल पर निर्धारित आवेदन शुल्क 100 रूपये जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। शिविर स्थल पर प्राप्त किये गये आवेदन पत्र में मांगे गये दस्तावेज संलग्न कर मुख्य कार्यालय के 16 नम्बर कक्ष के काउन्टर पर जमा किया जाना है। आवेदन पत्र जमा करने का समय प्रातः 10ः30 से 4ः00 बजे तक कार्यालयीन अवधि में जमा किया जाना है। जमा फार्म के आधार पर ही लाॅटरी निकालकर आवास आबंटन किया जायेगा।




नगर पालिक निगम भिलाई

# राशन कार्ड भी मिल गया, आयुष्मान कार्ड भी बन गया एक

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगातार जारी है। जिसमें प्रमुख रूप से नागरिको के समस्याओ का समाधान राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना, सड़को की मरम्मत करना, साफ-सफाई करना, स्ट्रीट लाईट लगाना, मोर मकान मोर आस का फार्म मिल जाना इस प्रकार के समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा है। जोन-04 दर्री तालाब सामुदायिक भवन शिविर में 56 वर्षीय तुलसिया बाई ने बताया मुझे उम्मीद नहीं थी। राशन कार्ड लेने आई थी, वह तो मिला ही, आयुष्मान कार्ड भी बन गया साथ में मा के नाम एक बेल का पौधा भी लगाने को मिला। इसी काम के लिए हमे नगर निगम आफिस में बाबू के पास जाना पड़ता था। डाॅ को दिखा के दवाई भी मिल गया। सब काम एक ही जगह हो गया। यह शिविर हमारे लिए बहुत लाभदायक है। सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद। जोन-02 बाजार चौक  कुरूद वार्ड 21 व 22 में स्थानीय निवासियो द्वारा शिविर का भरपुर लाभ लिया गया।




**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री अजय कुमार शुक्ला
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई